# शिविर लगाकर श्रमिकों को दिया जा रहा है मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का लाभ

## मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के कैंप में 55 ने भरा आवेदन



**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम की ओर से शनिवार को पारडीह में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत लगाये गये कैंप में 55 लोगों ने आवेदन भरा. निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के निर्देशानुसार पारडीह चौक स्कूल के पास शिविर लगाया गया. इस दौरान मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया और मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 55 आवेदन फॉर्म भराया गया. निगम क्षेत्र में खासकर स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों को मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का लाभ देने के उद्देश्य आये दिन कैंप लगाकर आवेदन फॉर्म भरे जा रहे हैं. योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है. साथ ही जॉब कार्ड का वितरण भी किये जा रहे हैं. पर सीओ नंदी पूर्ति, सीआरपी लक्ष्मी कालिंदी और रूबी सिंह आदि उपस्थित थे.